संख्या– 626 जेड/6–सा–1–13–4जी/2013

प्रेषक,

अखिलेश चन्द्र गुप्ता,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
लखनऊ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 15 अप्रैल, 2013

विषय :**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/लोकतंत्र सेनानियों द्वारा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में की गई यात्रा से सम्बन्धित बिलों के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिये धनराशि का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों द्वारा की गई निःशुल्क यात्रा से सम्बन्धित बिलों के भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए कुल प्रावधानित **रू0 4,05,25,000/– (रू0 चार करोड़ पॉच लाख पच्चीस हजार मात्र)** आपके निस्तारण पर रखने एवं तदनुसार निम्नलिखित मदों पर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

लेखा शीर्षक/मद	प्राविधानित धनराशि (हजार रूपये में)	स्वीकृत धनराशि (हजार रूपये में)
अनुदान संख्या–28–		
3055–सड़क परिवहन–		
190–सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को सहायता–		
03–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा की सुविधा के लिए निगम को भुगतान–		
42–अन्य व्यय	525	525
04–आपातकलीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा सुविधा के लिये निगम को भुगतान–		
42–अन्य व्यय	40,000	40,000

(रू0 चार करोड़ पॉच लाख पच्चीस हजार मात्र)

क्रमशः–2.....

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी आदेशों के अनुसार किया जोयगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहाँ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व आवश्यक रूप से कर ली जाये।

3– वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्कतानुसार धनराशि का कोषागार से आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के आय व्यय के अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक "3055–सड़क परिवहन–190–सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपकमों को सहायता–03–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा की सुविधा के लिए निगम को भुगतान–42–अन्य व्यय–04–आपातकलीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा सुविधा के लिये निगम को भुगतान–42–अन्य व्यय" के नामे डाला जायगा।

5– यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–वी 1 64 दस–2013–231/2013, दिनांक–28 मार्च, 2013 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अखिलेश चन्द्र गुप्ता)
उप सचिव।

संख्या–626 (1)जेड/6–सा–1–2013, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट–प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15–थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4– मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
7– वित्त (आय–व्यय) अनुभाग–1
8– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12
9– इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेटसेल, नवीनभवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
10– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अखिलेश चन्द्र गुप्ता)
उप सचिव।